4 Ambikapur- bhoomi pg 1-0_Layout 1 3/4/2024 9:25 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 5 मार्च 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 मरीज की मौत पर चिकित्सक से हाथापाई सिविल अस्पताल में पूरे दिन बंद रही ओपीडी



## खबर संक्षेप

### पीएम कल करेंगे स्व सहायता समूह की महिलाओं से संवाद

**अम्बिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6 मार्च को स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के साथ संवाद किया जाएगा। संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के कुल 270 स्थानों पर किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री स्व सहायता समूह एवं संगठनों की महिलाओं से वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे। कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले में कुल 11 स्थानों में कार्यक्रम होंगे। जिस हेतु आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिले में अंबिकापुर ग्रामीण क्षेत्र का, लुण्ड्रा (बटवाही), बतौली, मैनपाट, लखनपुर, लखनपुर पूर्वी, सीतापुर, उदयपुर, दरिमा, नवानगर, धौरपुर में आयोजित किए जाएंगे।



### जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 के अंतर्गत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 5 मार्च को दोपहर 3 बजे कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में अनुसूचित जाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत दावों की स्वीकृति तथा अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपी युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी बहेरापारा निवासी संजय कुमार प्रजापति का भाई 26 जनवरी को ऑक्सीजन पार्क घूमने गया हुआ था। इस दौरान युवक ने बाइक पार्क के बाहर खड़ी की थी लेकिन जब वह वापस लौटा तो बाइक चोरी हो गई थी। युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस द्वारा मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने लुचकी लालमाटी निवासी 23 वर्षीय रोशन केरकेट्टा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बाइक जब्त करने के साथ ही आरोपी को जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में एएसआई कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह ,प्रधान आरक्षक गणेश कदम्ब, आरक्षक रुपेश महंत, इदरीश खान शामिल रहे।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव हेतु पंजीयन 6 तक

**अम्बिकापुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2023-24 का आयोजन जिला मुख्यालय के राजमोहिनी भवन ऑडिटोरियम में 7 मार्च को प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। युवा उत्सव विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। जिसमें लोकनृत्य, लोक गीत, एकांकी नाटक, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय गायन, सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा वादन, मृदंगम वादन, हारमोनियम वादन, गिटार वादन, मणीपुरी, ओडिसी, भरत नाट्यम , कत्थक , कुचीपुड़ी , वाक्तृत्वकला, तात्कालिक भाषण हिन्दी-अंग्रेजी भाषा में विधाएं शामिल है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकार जिनका पंजीयन कर लिया गया है वे 7 मार्च के प्रातः 10 बजे राजमोहनी भवन अम्बिकापुर में उपस्थित होंगे। जिनका पंजीयन अभी तक नहीं हुआ है वे अपना पंजीयन 6 मार्च को दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में अनिवार्य रूप से करा सकते हैं और युवा उत्सव में सम्मिलित हो सकते है।

---

एनएच 43 को जोड़ने 21 व 343 को जोड़ने 14 किमी लम्बी बाईपास का किया जाएगा निर्माण

# सरगुजा में लंबे इंतजार के बाद 35 किमी लंबी दो बाईपास सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण
- वर्षों से की जा रही थी मांग, वर्क ऑर्डर जारी होने का इंतजार

आखिरकार लम्बे इंतजार के बाद एनएच को जोड़ने वाली बाईपास सड़कों के टेंडर कार्य पूर्ण हो गया है। जिले व संभाग में कुल 35 किमी बाईपास बीटी व सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा एनएच 43 के कुल 21.200 किमी सड़क का निर्माण 165 करोड़ की लागत से कराया जाएगा और इस सड़क के निर्माण का टेंडर टीबीसीएल कम्पनी को जारी किया गया है जबकि रामानुजगंज मार्ग एनएच 343 से जुड़ने वाली 14 किमी बाईपास सड़क का निर्माण 110 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। रामानुजगंज रोड में मिलने वाली बाईपास सड़क का निर्माण जवाहर लाल गुप्ता कम्पनी द्वारा किया जाएगा। अधिकारी टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी होने की बात कह रहे है। बड़ी बात यह है कि बाईपास सड़क के निर्माण वासियों को भारी भरकम वाहनों के दबाव से मुक्ति मिल सकेगी। बता दें कि भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा एनएच 43 पर अंबिकापुर से पत्थलगांव के बीच 95.791 किमी लम्बी सड़क निर्माण का टेंडर वर्ष 2016 में हुआ था। इस सड़क में 21 किमी की सड़क बाईपास के रूप में शामिल की गई थी। निर्माण के लिए टेंडर जीवीआर कंपनी को दिया गया था लेकिन निर्माण शुरू होने के बाद कंपनी काम नहीं कर पाई और खुद को एनपीए डिफ़ॉल्ट घोषित करा लिया। इसके बाद केंद्र सरकार ने कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर को टेकओवर करते हुए एनसीएलटी के तहत निर्माण का जिम्मा तिरुपति बालाजी कम्पनी लिमिटेड को दिया गया था। अब एनएच 43 की मुख्य सड़क का काम लगभग पूर्णता की ओर है लेकिन पूर्व के ठेकेदार की लापरवाही के कारण बाईपास का काम अटक गया था। निर्माण में हुई देरी व लागत में वृद्धि होने के बाद भारत सरकार द्वारा नए सिरे से बाईपास सड़क के लिए राशि जारी कर टेंडर करने का निर्णय लिया गया था। एनएच विभाग द्वारा 21 किमी से अधिक लम्बी पाइपास सड़क के लिए कुल 165 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया गया था और अब इस टेंडर की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है। एनएच 43 की बाईपास सड़क का काम टीबीसीएल कंपनी द्वारा ही किया जाएगा।



एनएच-43 की सड़क।

### जल्द जारी होगा वर्क ऑर्डर

एनएच की दो बाईपास सड़कों के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अब वर्क ऑर्डर जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। बाईपास के निर्माण से भारी वाहनों के दबाव से राहत मिलेगी।

-नितेश तिवारी, ईई एनएच

### एनएच 343 पर 14 किमी का बाईपास

राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा रामानुजगंज मार्ग को जोड़ने वाली 14 किमी बाईपास सड़क के लिए भी 110 करोड़ रुपए की राशि से टेंडर किया गया है। इस बाईपास का निर्माण बीटी के माध्यम से कराया जाएगा। 14 किमी बाईपास के निर्माण का जिम्मा जवाहर लाल गुप्ता कंपनी को दिया गया है। विदित हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा एनएच 343 पर दो खण्डों में सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। इसमें इसमें अंबिकापुर से रामानुजगंज-गढ़वा मार्ग पर बड़की महरी से रामानुजगंज खंड में 199.5 करोड़ रुपए की लागत से 29.43 किमी सड़क के उन्न्यन व अंबिकापुर से रामानुजगंज-गढ़वा मार्ग पर राजपुरीखुर्द पाढ़ी खंड में 397.44 करोड़ की लागत से 49 किमी सड़क निर्माण कार्य शामिल है। इसी सड़क को जोड़ने के लिए बाईपास का निर्माण भी किया जाएगा।

#### 30 प्रतिशत बिलो दर पर टेंडर

बताया जा रहा है कि एनएच 43 की 21 किमी लम्बी बाईपास सड़क निर्माण के लिए 165 करोड़ की राशि से काम कराने के लिए 16.5 प्रतिशत बिलो दर पर टेंडर टीबीसीएल को दिया गया है। मुख्य एनएच की तरह यह बाईपास पूर्ण रूप से कंक्रीट व सीमेंट की होगी लेकिन एनएच 343 को जोड़ने वाली 14 किमी बाईपास की लागत 110 करोड़ है और इसके लिए ठेकेदार ने 30 प्रतिशत बिलो दर पर टेंडर लिया है ऐसे में सड़क की गुणवत्ता व समय पर निर्माण एक बड़ी चुनौती होगी। अधिकारियों का कहना है कि 14 किमी की बाईपास सड़क बीटी की होगी और इसमें भी सामान्य सड़कों की तुलना में इस बीटी सड़क पर डामर की मोटाई कम होगी। ठेकेदार को गुणवत्ता का ध्यान नई तकनीक से काम करना होगा और इसमें सीटीबी, सीटीएसबी जैसे काम होंगे। दोनों ही बाईपास के निर्माण हेतु ठेका कंपनी को 2-2 वर्ष का समय दिया गया है लेकिन यदि समय रहते वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया गया तो आचार संहिता लागू हो जाएगी और मई तक नया काम नहीं हो पाएगा और उसके बाद ठेकेदार को बारिश में काम करने में दिक्कत होगी।

#### इन क्षेत्रों से होकर गुजरनी है बाईपास

एनएच द्वारा जिले में दो बाईपास सड़कों का काम कराया जाना है और इसमें अंबिकापुर को सर्वाधिक 29 किमी की दो बाईपास सड़क मिल गई है जिससे भारी वाहनों का दबाव कम होगा। एनएच 43 पर तीन बाईपास सड़क का निर्माण किया जाना है जिसमें अंबिकापुर में सर्वाधिक 15.200 किमी लम्बी बाईपास है। इसके साथ ही पत्थलगांव में 2.6 किमी व सीतापुर में 3.400 किमी लम्बी बाईपास का निर्माण किया जाएगा। अंबिकापुर में बनने वाले बाईपास सड़क की बात की जाए तो 15.200 किमी लम्बे बाईपास की शुरुआत सूरजपुर रोड में अजबनगर में टाटा मोटर्स के पास दाहिने ओर से अंदर ही अंदर पीएमजीएसवाई सड़क से होते हुए सांड़बार बेरियर के समीप निकलेगी और फिर सांड़बार बेरियर से अंबिकापुर की तरफ आते हुए पीताम्बर पेट्रोल पम्प से जगदीशपुर रोड, टीपी नगर के कुछ हिस्सों, दरिमा रोड से होते हुए डी हिलाक्स स्कूल के समीप निकलकर पुनः एनएच में मिल जाएगी। इसी तरह एनएच 343 की बाईपास भी सूरजपुर रोड में अजबनगर के समीप बाई ओर से बनारस रोड होते हुए सोनपुर के समीप एनएच में मिल जाएगी।

---

# पिता के सुपुर्द की गई रिशु की अस्थियां परिजन का अंतिम संस्कार से इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- बुलडोजर कार्रवाई की मांग पर अड़े परिजन, लिया गया माता-पिता का डीएनए सैम्पल

मासूम बच्चे रिशु कश्यप का कंकाल आज पुलिस विभाग द्वारा परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है लेकिन परिजन ने फिलहाल अस्थियों का विधिवत अंतिम संस्कार करने इनकार कर दिया है। परिजन का कहना है कि जबतक आरोपियों के घरों पर बुलडोजर नहीं चलता है और मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है वे अपने बच्चे का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

इधर फॉरेंसिक की टीम द्वारा मृतक के माता पिता का डीएनए सैम्पल लिया है और बच्चे के बचे हुए कंकाल व और माता पिता के डीएनए की जांच कराई जा सके। बता दें कि नगर के अशोक कश्यप उर्फ छोटे के 10 वर्षीय रिशु कश्यप का अपहरण 29 जनवरी को कर लिया गया था। अपहरण कर्ताओं द्वारा परिजन से छह लाख रुपए के फिरौती की मांग की जा रही थी लेकिन अपहरण के बाद ही उन्होंने बच्चे की निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी थी। हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए आरोपियों ने बच्चे के शव को पेट्रोल डालकर जला दिया था। इस बीच 28 दिनों के बाद 25 फरवरी को बच्चे का कंकाल ग्राम करसी के प्रेमपारा जंगल में मिला था। इस मामले में पुलिस ने पड़ोसी युवक शुभम सोनी और विशाल ताम्रकार को गिरफ्तार किया था। हैवानों द्वारा फिरौती की रकम के लिए बच्चे का अपहरण कर बेरहमी से हत्या किए जाने और शव को जलाने की घटना के बाद से लगातार क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। नागरिक लगातार दोषियों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई और फांसी की सजा दिए जाने की मांग कर रहे है। इस बीच आज पुलिस विभाग द्वारा घटना स्थल से एकत्रित किए गए बच्चे की अस्थियों को परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बच्चे के पिता को अस्थियां सुपुर्द किया ताकि विधिवत अंतिम संस्कार किया जा सके। बच्चे की अस्थियां देखने के बाद माता पिता का रो रोकर बुरा हाल है। इस बीच रिशु कश्यप के परिजन ने अस्थियों का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। परिजन का कहना है कि जब तक दोषियों के घरों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की जाती है वे अस्थियों का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इस बीच फॉरेंसिक एक्सपर्ट कुलदीप कुजूर के नेतृत्व में टीम भी रिशु कश्यप के घर पहुंची थी और मृतक के माता पिता का सैम्पल लिया है ताकि अस्थियों व माता पिता के डीएनए का मिलान कर सबूत को पुख्ता किया जा सके लेकिन लोगों का कहना है कि यह कार्य पहले ही हो जाना चाहिए था और पुलिस ने जानबूझकर इस मामले में भी ढिलाई बरती है।



मृतक के परिजन व इनसेट में मृतक।

#### नपं ने पारित किया था प्रस्ताव

रिशु कश्यप की हत्या का खुलासा होने के बाद नगर पंचायत द्वारा आरोपियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। तहसीलदार द्वारा मामले में कब्जाधारियों को नोटिस दिया गया था। नोटिस में मृतक के परिजन का नाम भी शामिल है। नोटिस का जवाब देने के लिए सभी पक्षों को समय दिया गया था जिसके बाद यह माना जा रहा था कि सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो सकती है लेकिन आज भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर रिशु कश्यप की अस्थियां परिजन के सुपुर्द करने के बाद अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है और लोगों में रोष का माहौल है। नागरिक बुलडोजर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दे रहे है।

---

# निजी अस्पताल में नकद समेत डीवीआर ले उड़ा चोर

- पुलिस ने कर्मचारी को किया गिरफ्तार



**सीतापुर।** निजी हॉस्पिटल में चोरी के मामले में पुलिस ने कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। कर्मचारी ने हॉस्पिटल के केबिन से 56 हजार रुपए की चोरी कर ली थी और सीसीटीवी के डीवीआर को भी अपने साथ ले गया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर के वात्सल्य हॉस्पिटल में 2 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति प्रवेश किया और हॉस्पिटल के केबिन में रखे नगदी 56 हजार 500 रुपए की चोरी कर ली। सबूत मिटाने के लिए चोर अस्पताल में लगे सीसीटीवी के डीवीआर को भी अपने साथ ले गया। इस घटना की शिकायत अस्पताल प्रबंधन द्वारा पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई के दौरान संदेह के आधार पर अस्पताल के कर्मचारी जामढोढ़ी निवासी 27 वर्षीय राजेश महेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने 2 मार्च की रात बिना किसी को बताए अस्पताल में रुक गया और केबिन के दराज को रॉड से तोड़कर नगदी की चोरी कर ली व पकड़े जाने के भय से सीसीटीवी का डीवीआर भी साथ ले गया। पुलिस ने आरोपी से डीवीआर, 55 हजार रुपए नगद, घटना में प्रयुक्त रॉड जब्त किया है। इस कार्रवाई में एएसआई शशिप्रभा दास, आरक्षक आलोक गुप्ता, संजय एक्का, पंकज देवांगन सक्रिय रहे।

### हत्या के प्रयास का आरोपी जेल दाखिल

**बिश्रामपुर।** दो पक्षों में हुए विवाद के बाद हत्या करने की नियत से लोहे की रॉड से सिर में वार कर देने के मामले में चिकित्सकीय रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी सुनील सिंह आत्मज रामप्रसाद सिंह 24 वर्ष निवासी रामनगर पतरापारा के खिलाफ प्रकरण में हत्या के प्रयास की धारा जोड़ी है तथा उसे गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय पेश किया है।घटना गत 16 जनवरी की बताई गई है।आरोपी सुनील सिंह ने रामनगर गांव के ही रामचंद्र सिंह से विवाद होने के बाद उसके सिर में लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर मौके से भाग निकला था।



# मेयर व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस की टीम पहुंची अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एमसीएच भवन, विभिन्न वार्ड, आईसीयू का किया निरीक्षण, कमियों को दूर करने की मांग

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आ रही अव्यवस्थाओं की सूचना, लापरवाही को लेकर आज पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव के निर्देश पर महापौर डॉ. अजय तिर्की व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने आरोप लगाया कि सरकार बदलने के महज दो माह के भीतर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई है। कभी खुले में प्रसव की घटना तो कभी आईसीयू में गंदगी की खबर सुर्खियों में है। कांग्रेस की टीम ने अस्पताल के एमसीएच भवन, विभिन्न वार्ड, आईसीयू परिसर, आपातकालीन कक्ष, विभिन्न वार्ड, हमर लैब, दवा वितरण कक्षा आदि का निरीक्षण किया। मेयर डॉ. तिर्की व जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने बताया कि अस्पताल के आईसीयू कक्ष में गंदे पानी के फैलाव और गंदगी के विषय में समाचारों से सूचना मिली थी, लगभग वही स्थिति अस्पताल में मौजूद थी। सभी वार्डों में गंदगी फैली हुई थी। यह जानकारी मिली कि सफाई और सुरक्षा के ठेके का टेंडर तो हो चुका है लेकिन चयनित ठेकेदार को काम का आबंटन ही नहीं होने से सफाई कार्य नहीं हो पा रहा है। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन कक्ष में यह पाया गया कि स्कूली वैन में दुर्घटनाग्रस्त कई कई बच्चों का इलाज एक ही बेड पर रखकर किया जा रहा था। दल ने आपातकालीन ⏭ शेष पेज 4 पर

#### हमर लैब भी ठप

जांच के दौरान यह जानकारी मिली है कि करोड़ों के लागत से हाल ही में बना लैब अब भी रिजेंट केमिकल के अभाव में ठप है। कई महत्वपूर्ण जांच हो ही नहीं रहे हैं। इससे ओपीडी के मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड रहा है। यह जानकारी मिली कि रिजेंट केमिकल के अभाव में आईपीडी मरीजों के सैंपल को अस्पताल से बाहर एक ऐसे निजी पैथोलॉजी में भेजा जा रहा है जहां पैथोलॉजिस्ट चिकित्सक ही नहींहै। यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस निजी पैथोलॉजी को विभागीय प्रक्रियाओं का पालन कर सैंपल भेजा जा रहा है।

---

जगह-जगह गिरे पेड़ एवं विद्युत पोल

# आंधी-तूफान ने मैनपाट में मचाई भारी तबाही

**अम्बिकापुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से बीती रात तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ वर्षा हुई। कमोवेश पूरे जिलेभर में वर्षा का प्रभाव पड़ा है। मौसम कार्यालय द्वारा 11.4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। पिछले दो दिनों से सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से गरज-चमक एवं तेज हवा के साथ बेमौसम वर्षा हो रही है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को 3.7 मिमी वर्षा वहीं सोमवार को 11.4 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। रविवार को पूरे दिन मौसम साफ रहा लेकिन रात्रि 11.30 बजे आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही गरज-चमक के साथ मध्यम वर्षा हुई। इस दौरान मैनपाट में तेज आंधी चली। आंधी-तूफान ने विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पैगा एवं सुपलगा में भारी तबाही मचाई है। आंधी से जगह-जगह पेड़ उखड़ गए हैं वहीं विद्युत लाईन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण विद्युत लाइन व पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। विद्युत पोल एवं लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण दोनों गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सोमवार को विद्युतकर्मियों ने पूरे दिन क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन एवं उखड़े विद्युत खम्भों को दुरूस्त करने में व्यस्त रहे। देर शाम तक दोनों गांवों की विद्युत आपूर्ति सुचारू करने विद्युतकर्मी मशक्कत करते रहे। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि विक्षोभ का प्रभाव अब कमजोर पड़ रहा है लेकिन आगामी दो दिनों तक आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने की संभावना है। इस दौरान बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं वर्षा होने व ओले गिरने की संभावना है।





### कुम्दा में तेज बारिश में पुल की अप्रोच कच्ची सड़क बही

**बिश्रामपुर।** रविवार मध्यरात्रि में क्षेत्र में हुई झमाझम तेज बारिश से कई जगहों पर जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई है। बारिश से आम के फसल को खासा नुकसान हुआ है वहीं गेंहू के लिए ये बारिश फायदे मंद बताई गई है।रात्रि में अचानक शुरू हुई बारिश मध्यरात्रि में तेज हो गई।झमाझम बारिश से कुमदा कालोनी फिल्टर प्लांट के समीप लोहे की संकरी पुलिया के बगल में हाल ही में एसईसीएल द्वारा बनाए गए पुल की एप्रोच कच्ची सड़क तेज बहाव में बह गई।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हैली बीबर की बहन एरोनो गिरफ्तार बारटेंडर पर फेंका टैम्पोन और बाउंसर



अभिनेत्री हैली बीबर की बहन और अभिनेता स्टीफन बाल्डविन की बेटी अलाया बाल्डविन एरोनो इन दिनों सुर्खियों में हैं। जानकारी के अनुसार, एरोनो को पिछले सप्ताहांत जॉर्जिया के सवाना में एक बार में झगड़े के बाद मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कथित तौर पर, उन्होंने एक बारटेंडर पर इस्तेमाल किया हुआ टैम्पोन फेंक दिया साथ ही कई बार कर्मचारियों पर भी हमला किया था।

रिपोर्ट के अनुसार, सवाना पुलिस विभाग के अधिकारियों को लगभग 2:30 बजे सवाना शहर के क्लब एलान में भेजा गया था। बार प्रबंधक ने अधिकारियों को सूचित किया कि अलाया ने कथित तौर पर कई कर्मचारियों पर हमला किया था क्योंकि वे उन्हें बार से बाहर ले जा रहे थे। जब उन्होंने वहां टॉयलेट और उल्टी कर दी थी। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि बार के सुरक्षा कैमरों ने एरोनो को एक बाथरूम का उपयोग करने की कोशिश करते हुए कैद किया जो केवल कर्मचारियों के लिए था। बार कर्मचारियों ने उन्हें रोक दिया और उन्हें सार्वजनिक बाथरूम में जाने के लिए कहा। उन्हें यह बात पसंद नहीं आई और उन्होंने उनसे झगड़ना शुरू कर दिया। बार का आरोप है कि वह बहुत ज्यादा हिंसक हो गई थीं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि उन्होंने एक बाउंसर के बाल खींचे और दूसरे की कमर में लात मारी।

एरोनो को बार से निकाल दिया गया, लेकिन वह नहीं गईं।

### टॉलीवुड

## नए प्रोजेक्ट पर जुटीं ऐश्वर्या रजनीकांत, फिल्म में नजर आ सकते हैं यह अभिनेता



ऐश्वर्या रजनीकांत के निर्देशन में बनी फिल्म लाल सलाम हाल ही में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से उन्होंने बतौर निर्देशक कॉलीवुड में नौ साल बाद वापसी की है। हालांकि, रजनीकांत के एक्सटेंडेड कैमियो के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस बीच, अब उनके एक नए प्रोजेक्ट के लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे अब अपने अगली फिल्म पर काम शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि उनकी इस फिल्म में अभिनेता सिद्धार्थ नजर आ सकते हैं।

एक रिपोर्ट के दावों की मानें तो निर्देशक ने अभिनेता को फिल्म का वन लाइनर बताया है, जो सिद्धार्थ काफी पसंद आया है। कहा जा रहा है कि ऐश्वर्या रजनीकांत की फिल्म की स्क्रिप्ट अगर अच्छी लगी तो इस फिल्म में सिद्धार्थ इसमें अहम किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

ऐश्वर्या की पिछली रिलीज फिल्म 'लाल सलाम' की बात करें तो यह एक पॉलिटिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म थी। फिल्म में विक्रांत और विष्णु विशाल लीड रोल में दिखे थे। इसमें रजनीकांत और कपिल देव ने कैमियो रोल निभाया था। इसका संगीत मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान ने तैयार किया गया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

वहीं, सिद्धार्थ आखिरी बार तमिल फिल्म 'चिट्टा' में नजर आए थे।

### भोजपुरी

## खेसारी का अंदाज, बोले, 'मुझे किसी से बैर नहीं जो वतन का नहीं उसकी..'



भोजपुरी सिनेमा के गायक-अभिनेता खेसारी लाल यादव की नई फिल्म 'रंग दे बसंती' का दमदार ट्रेलर फिल्म के मेकर्स ने आज लांच किया है। देशभक्ति पर आधारित इस फिल्म में खेसारी लाल यादव एक फौजी की भूमिका निभा रहे हैं, जो कश्मीर की वादियों से आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों पर कहर बनकर टूट पड़ता है। इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अब देश का हिन्दू वह नहीं रहा, अब दुनिया की कोई ताकत उसके टुकड़े नहीं कर सकती है। फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत कश्मीर की खूबसूरत वादियों से होती है जब एक आतंकवादी आर्मी की जीप को उड़ा देता है। फिल्म का नायक उस आतंकवादी को पकड़ लेता है और कहता है, 'मुझे किसी से बैर नहीं, लेकिन जो वतन का नहीं उसकी खैर नहीं। आतंकवादी कहता है, 'शेर जब पिंजरे में बंद होता है तो बच्चे उसे मूंगफली फेंककर मारते हैं।' हीरो कहता है, 'शेर नहीं, सुअर है हूं।' इस फिल्म के ट्रेलर में हिन्दुत्व की बात की गई है। फिल्म का नायक कहता है, 'हिन्दू वह नहीं, जो पहले हुआ करता करता था, अब दुनिया की कोई ताकत टुकड़ा टुकड़ा नहीं कर सकती है, जय श्रीराम।' फिल्म के ट्रेलर के ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि नायिका अपने पति को टीका लगाते हुए कहती है, 'मर्द क पहचान उकरा काम से होला, पत्नी से ना, फर्ज सर्वोपरि होला।' फिल्म का नायक अपनी पत्नी से कहता है, 'जानेलू काहे एक फौजी बॉर्डर पर दुश्मन क सामना कर पावेला, काहे कि फौजी के पत्नी क हौसला और साथ रहेला।' फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि नायक कश्मीर घाटी में एक-एक आतंकवादी को चुन चुन कर मार रहा है। एक आतंकवादी कहता है, 'कौन हैं तू बे गुस्ताख।' नायक कहता है, 'तेरी मौत की परछाई, तेरी सल्तनत की तबाही हैं हम, तेरी हर नसल को बर्बाद कर देंगे। हिंद के सिपाही हैं हम।' काफी लंबे समय के बाद अभिनेता खेसारी लाल यादव फिल्म के ट्रेलर में दमदार भूमिका में दिख रहे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव एक ऐसे फौजी की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है।

## रैम्प के बाहर का हुस्न




अमेरिका की समारा वीविंग और निकोल किडमैन जानी मानी मॉडल हैं। पिछले दिनों लॉस एंजेलिस के बैलेंसियागा फैशन ब्रांड के एक शो में इन दोनों मॉडल की चर्चा रैम्प के बजाए बाहर के गलियारों में ज्यादा रही। दरअसल, रैम्प पर हर मॉडल अपने पसंदीदा फैशन डिजाइनर के कलेक्शन के साथ उतरता है लेकिन रैम्प के बाहर ही अगर मॉडल की चर्चा ज्यादा होने लगे तो उसे क्या कहिए। इन दोनों मॉडल को सोशल मीडिया पर भी खूब हिट्स मिले।

## गर्मियों में लिपिस्टक का कलर चुनने में बरतें सावधानी

गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। बदलते मौसम में न सिर्फ आपके वॉर्डरोब में बदलाव की जरूरत होती है, बल्कि आपके कॉस्मेटिक्स खासकर फाउंडेशन, काजल, आईलाइनर और काजल के साथ लिपस्टिक को भी बदलने की जरूरत है। जो आपको सुंदर बनाने में मदद करते है।



**रेड लिपस्टिक का करें इस्तेमाल:** लाल रंग के शेड्स बोल्ड और ब्यूटीफुल माने जाते हैं। इसे व्हाइट या ब्लैक कलर के ड्रेस के साथ लगा सकते हैं। ये बोल्ड लुक देता है।

**बरगंडी कलर के लिपस्टिक का करें इस्तेमाल:** गर्मियों में आप बरगंडी कलर के लिपस्टिक या लिप लाइनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये हर स्किन टोन पर सूट करता है।

**गुलाबी रंग के लिपस्टिक का करें चुनाव:** गर्मी में गुलाबी रंग के लिपस्टिक से बेहतर कुछ भी नहीं है। इसको लगाने से आप खूबसूरत और हसीन नजर आएंगी।

**ब्राउन लिपस्टिक का करें चुनाव:** ज्यादातर महिलाओं को पसंद आने वाले लिपस्टिक के रंगों में से एक है ब्राउन। इस तरह के शेड्स नियमित रूप से दिन और शाम की पार्टियों में आपकी सुंदरता को बढ़ा देंगे।

डार्क बेरी टोन करें ट्राई

डार्क बेरी टोन महिलाओं में सबसे लोकप्रिय लिपस्टिक है। इसमें लाइट और ड्रार्क कलर के लिपस्टिक शामिल होते है। ये आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं।

## नायरा कट सूट में चाहिए परफेक्ट लुक तो जरूर अपनाएं ये टिप्स





फैशन

जब भी कोई फेस्टिवल या फिर वेडिंग सीजन होता है तो मार्केट में काफी अच्छे डिजाइन और लेटेस्ट ट्रेंड के कपड़े देखने को मिलते हैं। जैसे की अगर आप मार्केट से सूट खरीदने जा रही हैं तो वहां पर आपको इतने सुंदर डिजाइन के सूट दिखेंगे, जिन्हें पहनना आप काफी पसंद करेंगे। नायरा कट सूट का फैशन भी काफी चल रहा है। कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जो इन्हें शादी या फिर ऑफिस में भी पहने नजर आती हैं। लेकिन आपको इसे पहनने से पहले कई सारी बातें जानना जरूरी हैं ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे। चलिए आपको इस आर्टिकल में इनकी जानकारी देते हैं।



### सूट फिटिंग का रखें ध्यान

नायरा कट सूट काफी खुले-खुले होते हैं। इसलिए कई सारी लड़कियां इन्हें वियर करना पसंद करती हैं। वहीं कुछ को इसके स्लिट पसंद होते हैं इसलिए वो इन्हें वियर करती हैं। लेकिन अगर आप इसे ज्यादा लूज या फिर टाइट खरीदेंगी तो इसमें आपका लुक बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी फिटिंग का खास ध्यान रखें ताकि जब आप इसे वियर करें तो ये अटपटा न लगे बल्कि पहनने के बाद काफी अच्छा नजर आए।

### सूट को आयरन करके पहने

सूट अलग-अलग फेब्रिक के आते हैं लेकिन नायरा कट सूट ज्यादातर आपको रेयॉन फैब्रिक के मिलेंगे। इस तरीके के फैब्रिक (लेटेस्ट सूट डिजाइन) के कपड़े पहनने के बाद तभी अच्छे लगते हैं जब उनमें अच्छे से प्रेस की गई हो। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने कपड़ों में अच्छे से प्रेस करें ताकि वो साफ और शाइनी लगे.। आपको बता दें कि कपड़ों को प्रेस करके पहनने से उनमें एक अलग ही चमक आ जाती है।

## नई दुल्हन पर खूब जचेंगी परंपरागत फैशन की साड़ियां

साड़ी एक भारतीय परिधान है, जिसे हर महिला पहनना पसंद करती है। चाहे महिलाएं किसी भी उम्र के पड़ाव पर पहुंच जाएं वो साड़ी पहनने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। आज का समय तो ऐसा है कि, एयर होस्टेज से लेकर हर जगह पर महिलाएं काफी गर्व के साथ साड़ी पहनती हैं। खासतौर पर अगर बात की जाए उन लड़कियों की, जिनकी नई-नई शादी हुई है, वो काफी शौक से साड़ी पहनती हैं। ज्यादातर लड़कियों को साड़ी पहनकर सजना और संवरना काफी अच्छा लगता है।



**बनारसी साड़ी:** ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

**चिकनकारी साड़:ी** अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

**कांजीवरम सिल्क :** नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें।

## एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक अपनाइए दीपिका का अंदाज, लगेगा बेहद क्लासी

अपनी हर फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वालीं बॉलीवुड की धमाकेदार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण किसी पहचान की मोहताज नहीं है। आज ही उन्होंने और रणवीर सिंह ने अपने फैंस को एक गुड न्यूज दी है। दरअसल, दीपिका मां बनने वाली हैं और वो आगामी सितंबर के महीने में अपने बच्चे को जन्म देंगी। ये खबर आने के बाद उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। लोग उन्हें सोशल मीडियाा पर बधाईयां दे रहे हैं।



**साड़ी:** हाल ही में बाफ्टा अवॉर्ड शो के दौरान ही दीपिका को साड़ी में देखा गया। अक्सर वो इवेंट्स में साड़ी पहनकर ही जाती हैं। साड़ी में एक्ट्रेस इतनी खूबसूरत दिखती हैं, कि आप उन्हें देखकर उनपर से नजरें नहीं हटा सकते।

**सूट:** हर भारतीय महिला की तरह दीपिका भी पूजा-पाठ के दौरान सूट पहनना पसंद करती हैं। उनपर सूट लगता भी काफी खूबसूरत है। अक्सर इस तरह की तस्वीरें वो साझा करती रहती हैं।

**फ्लोरल ड्रेस:** दीपिका की तस्वीरों को देखकर लगता है, कि उन्हें फ्लोरल प्रिंट काफी पसंद है। उनके पास इस तरह की काफी ड्रेस हैं। खास बात ये है कि उनपर ये फ्लोरल प्रिंट लगता भी काफी खूबसूरत है।

ऐसे में वो अक्सर इसे पहनती हैं।

### कार्नर न्यूज

## बूट पहनने के नियम पर जरूर करें अमल, जिससे न हो कोई मिस्टेक

## बूट पहनें सलीके से, जींस के साथ रखेंगे मैचिंग तो लोग करेंगे आपकी तारीफ

*बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे। बूट्स के प्रकार बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। इनमें कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स, चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स जैसे कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं।*



### कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

### जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें

कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।

### सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं।

### बूट्स और मोजों की मैचिंग

आपने देखा होगा या खुद कभी न कभी ये गलती कर दी होगी। पुरुष मोजे पहनते समय गलती करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इसलिए ध्यान रहे कि बूट्स के साथ हमेशा एंकल लेंथ वाले मोजे पहनें। ऐसे सॉक्स न पहने, जो कि जूते से बाहर दिखाई पड़े।



**खबर संक्षेप**



## अतिथियों ने की न्योता भोजन कार्यक्रम की सराहना

**भैयाथान।** विकासखंड भैयाथान अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रजबहर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूली बच्चों को पोषण देने के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में किया गया। अतिथियों ने न्योता भोज कार्यक्रम को काफी सराहा और व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं ग्राम वासियों को प्रेरणा लेकर कार्यक्रम करने का भी संदेश दिया। न्योता भोज में हलवा, पुड़ी, जलेबी, एवं दाल भात सब्जी की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह, संकुल प्राचार्य बनार्ड कुजूर, सीएससी अभय बर्मा, प्रधान पाठक राम प्यारे पैकरा, किरण सिंह, पूनम तिर्की, रूप सिंह ठाकुर, शेखर वर्मा, प्राथमिक शाला के शिक्षक सुभाष कुशवाहा सुभाष, लक्ष्मी पैकरा, समस्त रसोइया एवं उपसरपंच पंकज कुशवाहा, विशेश्वर कुशवाहा, कर्मू पैकरा, शिवलोचन, अविनाश कुशवाहा, अरुण अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## बिनकरा ढोड़ी पारा प्राथमिक शाला में हुआ न्योता भोजन



**लखनपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए समाजिक परम्परा का सहारा ले रही है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में समुदाय की भागीदारी जोड़ते हुए न्योता भोज की अनूठी पहल शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों को अब नियमित रूप से मिल रहे भोजन के अलावा समाज के अग्रणी और सक्षम लोगों के जरिए न्योता भोजन में पौष्टिक और रूचिकर खाद्य सामग्री मिलेगी। बिनकरा ढोड़ीपारा शासकीय प्राथमिक शाला में संकुल प्राचार्य श्रीमती सुमेधा तिवारी के मार्गदर्शन में डॉ.संस्कृति तिवारी एवं स्वीकृति तिवारी के सौजन्य से न्योता भोजन कराया गया। न्योता भोज में बच्चे पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन पाकर प्रसन्न हुए। इस दौरान संकुल समन्वयक अस्मत अली, अविनाशु कुजूर एवं श्रीमती ललिता, रमापति साहू एवं सहायक शिक्षिका उर्मिला पाण्डेय एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुसमी में हुई विकासखंड स्तरीय उल्लास साक्षरता कार्यशाला



**कुसमी।** विकासखंड शिक्षा कार्यालय कुसमी में विकासखंड स्तरीय उल्लास साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हीरालाल पटवा डीपीओ, रवि शंकर श्रीवास, नोडल अधिकारी जीत सिंह, सहायक ग्रेड 3 माया तिवारी, मास्टर ट्रेनर, ओम प्रकाश सिंह, मास्टर ट्रेनर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, रामपथ यादव सहायक परियोजना अधिकारी, सुनील गुप्ता की उपस्थिति में विकास खंड के 20 ग्राम पंचायत के सेक्टर ऑफिसर ग्राम प्रभारी सर्वे कर्मचारी, प्राचार्य एवं प्रधान पाठक की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य 15 से 35 वर्ष के असाक्षर व्यक्तियों की पहचान करते हुए उन्हें साक्षर बनाना है।

### 100 से अधिक पुलिसकर्मी किए गए हैं तैनात

# यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों की खैर नहीं, पुलिस कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 16 दिन के भीतर पुलिस टीम ने 1 हजार 12 प्रकरण दर्ज कर वसूल की 5 लाख 43 हजार समन शुल्क

शहर सहित जिले की यातायाता व्यवस्था दुरूस्त करने पुलिस द्वारा यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार न सिर्फ सख्ती से कार्रवाई जा रही हैं बल्कि यातातात नियम का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है। पिछले 16 दिन के भीतर ही यातायात विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 1 हजार 12 लोगों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर 5 लाख 43 हजार समन शुल्क की राशि वसूल की है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है बावजूद इसके बाइक व वाहन चालक यातायात नियम तोड़ने से बाज नहीं आ रहे है।



कार्रवाई करते पुलिसकर्मी।

कुछ साल के भीतर ही शहर का दायरा बढ़ने का सीधा असर यातायात पर पड़ा है। यातायात पर दबाव बढ़ जाने से दो पहिया से लेकर चार पहिया चालक यातायाता नियम को दर किनार का वाहन चलाते है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने पिछले माह ही यातायाता सड़क सुरक्षा माह संपन्न हुई। यातायाता सड़क सुरक्षा माह के दौरान पथ सुरक्षा - जीवन रक्षा अभियान के तहत सड़क सुरक्षा रथ से जिले भर मे भ्रमण कर लोगों को विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। 15 जनवरी से 15 फ़रवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले मे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित किए गए और लोगों को यातायाता नियम का पालन करने कहा गया। सड़क सुरक्षा माह के समाप्त होने तथा लोगों को समझाइश के बाद विशेष अभियान चलाकर यातायात नियम का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की। शहर कों 2 सेक्टरों में विभाजित कर कुल 10 पॉइंट में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम तैनात की गई। पुलिस टीम चौपाटी, पंजाब गार्डन, साईं मंदिर तिराहा, बंगाली चौक, गांधी चौक, बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, सद्भावना चौक, देव होटल तिराहा, बस स्टैंड चौक पर पुलिस टीम शाम 6.30 बजे तैनात की गई जो देर रात तक सभी पॉइंट पर एक साथ सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। पिछले 16 दिन के भीतर पुलिस टीम ने यातायात नियम का पालन नहीं करने वाले 1 हजार 12 वाहन चालकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कुल 5 लाख 43 हजार 300 रूपए समन शुल्क राशि वसूल की। पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसके बाद भी कई लोग यातायात नियम को दरकिनार कर वाहन दौड़ाते है। पुलिस अधिकारियों का कहना है जो भी यातायात नियम का उल्लंघन करेंगे उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### बीती रात दर्ज किए गए 92 प्रकरण

पुलिस द्वारा यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार सख़्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। बीती रात यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए कुल 92 प्रकरण दर्ज कर कुल 52 हजार 300 रुपये समन शुल्क वसूल किया।

### स्टंट करने वालों पर की गई थी कार्रवाई

चार पहिया वाहन से स्टंट करने वालों पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ दिन पूर्व ही कार्रवाई कर 30 हजार रुपए से अधिक का समन शुल्क वसूल की थी। जबकि उससे पूर्व भी एक स्कूल के बच्चों द्वारा चार पहिया वाहन से स्टंट करने पर उनके अभिभावकों पर कार्रवाई करते हुए समन शुल्क की वसूली किया गया था।



## पीजी की समस्त कक्षाओं के नियमित संचालन की मांग, अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** शासकीय कालिदास महाविद्यालय में पीजी की समस्त कक्षाओं की नियमित संचालन की मांग को लेकर अभाविप के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि कुछ दिनों बाद 14 मार्च से ही महाविद्यालय में बीएससी, बी कॉम. और बीए का परीक्षा होना है। परीक्षा करीब 3 माह तक चलेगी। पर्याप्त कक्ष नहीं होने के कारण एमए के सभी विभागों की पढ़ाई 3 माह स्थगित रहेगी।साथ ही आने वाले समय द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का भी परीक्षा होनी है। छात्रों के पास सेमेस्टर परीक्षा के लिए विद्यार्थियों के पास 6 माह तक का ही समय रहता है इसमें महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की लापरवाही के वजह से 3 माह की अवधि ऐसे ही बीत जाएगी। शेष 3 माह विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त नहीं होते है। इसलिए परीक्षा में कोई बाध्य न आए इसके लिए महाविद्यालय अपनी व्यवस्था अनुसार एमए. की सभी कक्षाएं और सभी विभागों की जनभागीदारी शिक्षकों की समय अवधि बढ़ा कर कक्षाएं संचालित की जाएं। इस दौरान प्रदीप यादव, रिंकु नाविक, बरत लाल, विकास नाविक, मनोज रजवाड़े, नारायण पैकरा, आशीष देवांगन, नीरज नापित, हृदय सिंह, रवि सिंह, राकेश, रश्मि जायसवाल, राजमन, जितेंद्र कुमार, खुशबू ठाकुर, प्रियांशी ठाकुर, योगेश कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित थे।

## सर्व समाज सामूहिक विवाह में 139 जोड़े का हुआ विवाह



**रामानुजनगर।** विकासखण्ड रामानुजनगर के राजापुर में आज सर्व समाज सामूहिक विवाह में 139 जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह को सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र के संरक्षण में आयोजन किया गया। आज जिले सहित आस पास के क्षेत्र के वर वधु जोड़े का विवाह संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह को श्री चुरेन्द्र ने विधि विधान से सम्पन्न कराया। सामुहिक विवाह 3 दिवस का किया गया। 1 मार्च को मंडप मातृका पूजन, 2 मार्च को हल्दी एवं 3 मार्च को विवाह संपन्न कराया गया। श्री चुरेन्द्र एक ऐसे अधिकारी है जो कि समाज को जोड़ने का काम किया है। इससे पहले भी श्री चुरेन्द्र जिले में बतौर कलेक्टर रहते हुए कई सामाजिक कार्यो को किया गया था। कमिश्नर श्री चुरेंद्र द्वारा नवविवाहित जोड़ों को खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद व उपहार दिया गया और नव दाम्पत्य की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने नव विवाहित जोड़ों से कहा कि वे परिवार से मिले संस्कार को अपने दांपत्य जीवन में उतारे तथा माता-पिता, सास, ससुर का सम्मान करें। सभी को सभी समाज मे मिल जुल कर रहना चाहिए इससे प्रेम बढ़ता है। सामूहिक विवाह में प्रेमनगर विधायक भूलन सिह ने भी वर वधु को नव दाम्पत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सरगुजा संभाग के एंसे मुखिया है जो समाज को जोड़ने और आगे बढ़ाने का कार्य किया है। जिन्होंने सर्व समाज सामूहिक विवाह का आयोजन कर एक नई पहल की है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष माया सिह, इस्माइल खान, जयप्रकाश उपाध्याय, ऋषि दुबे, परमेश्वर सिह, लीला वती, सनमेत बाई, लाल केश्वर सिंह, सुंदर सिंह, सुमित साहू, अनूप दुबे, अजय सिंह, संजीव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ईश्वर के प्रति समर्पण से सदाचारी बनता है व्यक्ति

- अध्यात्मिक समागम में किया गया गीता पाठ

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन के तत्वाधान में अध्यात्मिक समागम सहगीता पाठ का आयोजन विजय इंगोले के निवास पर किया गया। इस अवसर पर स्वामी तन्मयानंद महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति का लक्ष्य और उद्देश्य विश्व कल्याण है। जब व्यक्ति के कर्मों में ईश्वर के प्रति परायणता और समर्पण का भाव आ जाता है तो वह सदाचारी बन जाता है। व्यक्ति सन्यासी हो या गृहस्थ कर्म सबको करना पड़ता है। बिना कर्म के व्यक्ति रह नहीं सकता। व्यापारी हो या कृषक सभी को अपनी दैनिक क्रियाओ पर विचार करना चाहिए कि मैंने जो कार्य किया है वह समाजहित में कितना है। जब व्यक्ति में ऐसी सोच विकसित हो जायेगी तो विश्व की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान होने लगेगा। भ्रष्टाचार जैसी समस्या का समाधान व्यक्ति के सदविचारों से होगा। सदविचारों को जन्म आध्यात्मिक समागम और संतों के आनिध्य से होता है। पं.ललित मोहन तिवारी, ब्रम्हाशंकर सिंह, दुर्गा प्रसाद तिवारी, राजकुमार गुप्ता, सुनील दत्त पाण्डेय, विजय इंगोले ने गीता के नौवें अध्याय पर अपना विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन पं.राज नारायण द्वदेदी ने मार्मिक प्रसंगों के साथ किया। आभार प्रदर्शन करते हुए संस्था के महासचिव सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि जब-जब संतों का सानिध्य मिला है, समाज उत्तरोत्तर प्रगति के शिखर की ओर अग्रसर हुआ है। इस दौरान आरएन अवस्थी, हरिशंकर सिंह, चारूचन्द्र, रणविजय सिंह तोमर, अशोक सोनकर, बीएल गुप्ता, इंगोले परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।



**सूचना**

सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स गोयल ग्रुप आफ कम्पनी, मिलन चौक के पास, ग्राम-शिवनन्दनपुर, बिश्रामपुर, जिला-सूरजपुर, छत्तीसगढ़, में भागीदार इंदु गर्ग को दिनांक 30.01.2024 से फर्म में प्रवेश दिया गया है एक भागीदार का फर्म में प्रवेश देना सभी भागीदारो की आम सहमति के आधार पर किया गया है साथ में यह भी सूचित किया जाता है कि फर्म का प्रमुख व्यवसायिक स्थल दिनांक 30.01.2024 से नए परिसर खसरा क्रमांक 403/4 व 403/5, मेंन रोड, ग्राम-केशवनगर, तहसील-सूरजपुर, जिला- सूरजपुर, छत्तीसगढ़, में स्थानान्तरित हो गया है।

भागीदार
नवीन कुमार गोयल
पार्टनर-मेसर्स गोयल ग्रुप आफ कम्पनी
खसरा क्रमांक 403/4 व 403/5, मेंन रोड, ग्राम-केशवनगर, तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर, छत्तीसगढ़,

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 03 मार्च 2024, रविवार समय: 02 बजे से 05 बजे तक
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
डॉ. मनीष चौरसिया MS (General Surgery) MCH (Neuro Surgery) मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
24/7
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर | मो. 9424250281 , 8120906000, 8120809000

VC INSTITUTE ADMISSION OPEN
M.A. (All Subject) M.A. छत्तीसगढ़ी
M.SC. (All Subject) M.COM, M.Lib, M.sc. Yoga
B.A., B.SC, B.com, B.Lib B.sc. Yoga, B.ped, PG Diploma in Yoga
नोट - सभी कोर्स के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं
आकाशवाणी चौक, पुराने रोजगार कार्यालय के पीछे, अम्बिकापुर 7222980129

शानदार 26 साल
मंजूषा एकेडमी
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally MBA | MSC | MCOM | M.LIB
Namnakala, Ring Road, Ambikapur Mob.-9826183771, 9691620315
अधिकृत सेंटर AISECT TEPL Tally Education CSC ACADEMY

J.A.S. ROOFINGS.
अब डुप्लिकेट JSW से बचना हुआ बहुत आसान हॉलमार्क देखकर ओरिजनल JSW कराकट लें, समझदार बनें और धोखा न खाएं
नकली शीट से बचे
NOTE :-
अब आपके शहर में JAS Roofing लेकर आया प्रोफाइल शीट Manufacfring factory वो भी सही गुणवत्ता तथा उचित मूल्य के साथ तथा शेड बनाने का काम भी किया जाता हैं
हमारे यहाँ प्रोफाइल शीट सही मूल्य और उच्च क्वालिटी तथा गारंटी के साथ प्राप्त करे !
यहाँ किसी भी तरीके का मॉरका छापकर नहीं बेचा जाता हैं
CEO - Rajeev Gupta (jai Ambe Steel) Latori, Maheshpur 7974097610

## वार्षिक उत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किया दादा-दादी व नाना-नानी के रिश्तों पर कार्यक्रम

- वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का किया गया सम्मान

**अंबिकापुर।** शहर के गिरिराज पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव अनोखे अंदाज में मनाया गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों के दादा-दादी, नाना-नानी के साथ ही वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को शामिल किया गया और उनका सम्मान कराया गया। नए नए आयोजनों को लेकर स्कूल हमेशा से चर्चा का विषय रहता है। इस वर्ष कार्यक्रम में बच्चों के दादा-दादी, नाना नानी के साथ ही अंबिकापुर वृद्धाश्रम से आए हुए बुजुर्गों का तिलक व आरती के द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा उन्हें शाल भेंट की गई। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का पेरेंटिंग एक्ट भी दर्शकों के बीच में चर्चा का विषय रहा। बच्चों ने अपने कार्यक्रमों के जरिए आज के दौर में बच्चे और अभिभावकों के बीच संतुलन बनाने का सन्देश दिया। बच्चों ने दोनों के बीच की भावनाओं को कार्यक्रम के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा। इसके साथ ही देश भक्ति नृत्य, अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने वाले प्रोग्राम, सोशल मीडिया के दुष्परिणाम जैसे अनेक आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्ले ग्रुप से लेकर पांचवी तक के बच्चों द्वारा दी गई। विद्यालय के बालकृष्ण द्वारा भगवत गीता के श्लोकों का वर्णन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर निश्चल प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व डीन वीके सिंह व सेवानिवृत्त सहायक पुलिस अधीक्षक डीके सिंह शामिल हुए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राहुल शुक्ला के साथ पूरा विद्यालय परिवार, अभिभावक, नागरिक उपस्थित थे।



### वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत हुए कॉलेज के विद्यार्थी



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विधायक श्रीमती पोर्ते ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

सरगुजा मार्केट

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकपुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसिन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.) सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनाँक: 10 मार्च 2024 दिन रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेड़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 09 मार्च, 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
15 मार्च 2024 दिन शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
■ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
■ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
■ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
■ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
■ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

## खबर संक्षेप



### तीरथ धाम शिव मंदिर में मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

**अंबिकापुर।** ग्राम लब्जी स्थित तीरथ धाम शिव मंदिर में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व उल्लास पूर्ण एवं भक्ति मय वातावरण में धूमधाम से मनाया जाएगा। तीरथ धाम शिव मंदिर समिति के सदस्य सुरेश जवानी एवं डॉ. टीएन सिंह ने बताया कि मंदिर समिति ने महाशिवरात्रि पर्व को भव्य रूप से मनाने हेतु लब्जी ग्राम के सरपंच, पंच, एवं ग्राम वासियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी के सहयोग से महाशिवरात्रि पर्व को भव्य स्वरूप देने के लिए आकर्षक पंडाल, झालर, झंडी एवं फूलों से सजाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना, यज्ञ-हवन, अखंड रामायण और विशाल आम भंडारा, भजन कीर्तन एवं मंदिर क्षेत्र में विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस पावन और पुनीत महोत्सव में भाग लेने का आह्वान किया है।

### हाथियों ने ग्रामीणों के अहाता को किया क्षतिग्रस्त

**पोड़ी मोड़।** प्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम सरहरी में हाथियों के आतंक से ग्रामीण दहशत में है। बीती रात हाथियों का दल बीच बस्ती पहुंच गया और घर सहित फसलों को नुकसान पहुंचाया। गांव के समीप जंगल में पिछले कई दिनों से डेरा जमाए हाथियों का दल दिन के समय जंगल में ही रहते है परंतु रात होते ही बस्ती की ओर पहुंच जाते है। रात्रि के समय बीच बस्ती में आने के बाद फसल सहित ग्रामीणों के घर को नुकसान पहुंचाते है जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग द्वारा केवल दिन में ही मुनादी कर वापस मुख्यालय प्रतापपुर में चल जाते हैं। जबकि रात के समय गांव के लोग हाथियों से अपनी जान बचाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारियों को हाथी की जानकारी होने के बाद भी गांव नहीं पहुंचते है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बीती रात भी हाथियों का दल गांव पहुंच गया और अनिल कुशवाहा सहित गांव के अन्य लोगों के घर व बाउंड्री को क्षतिग्रस्त कर दिया।

### नेहरू उत्कृष्ट विद्यालय में चयन परीक्षा 10 को

**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार द्वारा संचालित पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए 10 मार्च को चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है, जो शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में आयोजित होगा। चयन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र जिला कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरिया से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं।

## पेज 1 के शेष...

### मेयर व जिलाध्यक्ष के...

विभाग के प्रभारी से इस व्यवस्था को सुधारने का आग्रह किया। अस्पताल परिसर में नवनिर्मित दवा वितरण कक्षा में भारी भीड के कारण अव्यवस्था का आलम था। कम काउंटर होने और ओपीडी और आईपीडी के लिए एक ही जगह पर दवा वितरण की व्यवस्था कर देने से दवा वितरण कक्ष में भारी भीड़ मौजूद थी। इन बातों का मुआयना करने के बाद दल की ओर से डॉ. अजय तिर्की और जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने अस्पताल अधिक्षक डॉ. आरसी आर्या से टेलीफोन पर चर्चा की। परीक्षा में होने के कारण वे अस्पताल में मौजूद नहीं थे। दल ने अधीक्षक से अनुरोध किया कि सफाई का ठेका प्राप्त करने वाले व्यक्ति को अस्पताल के सफाई का कार्य सौंपा जाए। दवा वितरण कक्ष में ओपीडी और आईपीडी के लिये अलग-अलग व्यवस्था बनाई जाए। अधीक्षक से दवा वितरण के लिए 2 अतिरिक्त काउंटर खोलने का भी अनुरोध किया गया है। अस्पताल में निजी सुरक्षा कर्मियों का ठेका होने के बावजूद सुरक्षा कर्मियों की तैनाती नहीं होने और अस्पताल के तीसरे द्वारा को खोले जाने पर भी अस्पताल अधिक्षक से जानकारी चाही गयी। मेडिकल कॉलेज के नियमानुसार अस्पताल में 2 द्वार का उपयोग होना चाहिये। लेकिन शासन बदलने के बाद अस्पताल के तीसरे द्वारा को भी खोल दिया गया है। इस दौरान विनय शर्मा, शैलेन्द्र सोनी, अनूप मेहता, शुभम जायसवाल आदि उपस्थित थे।

### इलाज के दौरान मरीज की मौत होने पर मृतक के भाई ने मचाया था हंगामा

# मरीज की मौत पर चिकित्सक से हाथापाई सिविल अस्पताल में पूरे दिन बंद रही ओपीडी



प्रदर्शन करते चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी।



ओपीडी में इंतजार करते मरीज व परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

दो दिन पूर्व इलाज के दौरान गंभीर रूप से बीमार रोगी की मौत होने पर परिजन द्वारा अस्पताल में हंगामा मचाने एवं चिकित्सक से हाथापाई करने के विरोध में सोमवार को कर्मचारियों ने ओपीडी को बंद कर दिया। सूचना पर अधिकारियों के साथ पहुंचे एसडीएम ने अस्पतालकर्मियों की बैठक लेकर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया लेकिन स्वास्थ्य अमला आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज होने के बाद ही काम पर लौटने की जिद्द पर अड़े रहे। अंततः सोमवार की शाम आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन देर शाम तक ओपीडी प्रारंभ नहीं हो सका।

**खास बात**

- पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी के विरूद्ध दर्ज की एफआईआर

शनिवार की रात गंभीर रूप से बीमार ग्राम उदारी निवासी अनिल जायसवाल को लेकर परिजन सिविल अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में तैनात डॉ.प्रशांत सिंह ने तत्काल मरीज को भर्ती कर उपचार प्रारम्भ किया। काफी प्रयासों के बावजूद मरीज की जान नहीं बचाई जा सकी तथा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मरीज की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे मृतक के भाई सत्यनारायण जायसवाल ने चिकित्सक पर मृतक का गलत ईलाज करने का आरोप लगा अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया तथा डॉ.प्रशांत सिंह से हाथापाई करने लगा। उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों ने काफी मशक्कत से बीच-बचाव किया। चिकित्सक के साथ हुई हाथापाई से नाराज चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने रविवार को एसडीएम एवं पुलिस से मामले की शिकायत कर अस्पताल में आए दिन असामाजिक तत्वों द्वारा चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों से हाथापाई करने की घटना पर नाराजगी जताई तथा आरोपी के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करने एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल में सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग लेकर सोमवार को ओपीडी का संचालन बंद करने की चेतावनी दी थी। मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी ओपीडी बंद कर हड़ताल पर चले गए। सिविल अस्पताल में ओपीडी बंद होने की सूचना पर सोमवार को सुबह 11 बजे एसडीएम चेतन साहू तहसीलदार एवं चौकी प्रभारी विरेश्वर सिंह के साथ अस्पताल पहुंचे एवं हड़ताली चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों से वार्ता की। उन्होंने आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया लेकिन स्वास्थ्यकर्मी आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के बाद ही काम पर लौटने की जिद्द पर अड़े रहे। बैठक में एसडीएम ने स्वास्थ्यकर्मियों को मनाने की लगातार कोशिशें की लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। अंततः शाम 5 बजे डा.प्रशांत सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 186, 353, 332, 294, 508, 323 एवं मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 2013 की धारा 3 (क) का अपराध दर्ज किया, लेकिन स्वास्थ्य अमला काम पर नहीं लौट पाया है। चिकित्सकों का कहना है कि ड्यूटी पर लौटने का निर्णय संघ की बैठक में लिया जाएगा। सोमवार को देर शाम तक संघ की बैठक चलती रही।

**भटकते रहे मरीज**

चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल के कारण सोमवार को सिविल अस्पताल में ओपीडी सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं पूरे दिन ठप रहीं। अस्पताल में सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे लेकिन दो दिन पूर्व हुई घटना के विरोध में सभी धरना-प्रदर्शन में व्यस्त रहे। इस दौरान सुबह से ही अस्पताल में मरीजों का ताता लगा रहा। ओपीडी बंद होने के कारण मरीज इधर-उधर भटकते रहे। मजबूरी में मरीजों ने प्रायवेट क्लीनिक में अपना उपचार कराया।

**दर्ज कराई गई एफआईआर**

चिकित्सकों ने आरोपी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। एफआईआर दर्ज करा दी गई है। चिकित्सकों की मांग पूरी होने के बाद ओपीडी शुरू हो जाएगी।

-चेतन साहू, एसडीएम

**चल रही संघ की बैठक**

मामले को लेकर अभी संघ की बैठक की जा रही है। संघ की बैठक में हुए निर्णय के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। ओपीडी के संबंध में बैठक में ही निर्णय लिया जाएगा।

-डा. शशांक गुप्ता, बीएमओ

### बाइक से चोरी का कोयला लेकर जा रहे 7 लोगों को पुलिस ने पकड़ा, 21 बोरी अवैध कोयला जब्त

**रामानुजनगर।** चोरी का कोयला बाइक से लेकर खपाने जा रहे सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 21 बोरी अवैध कोयला जब्त किया है। पुलिस ने सभी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे रामानुजनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि गायत्री, रेहर व साल्ही आमगांव खदान से बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कर कई लोग बाइक से मंहगई की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम मंहगई में घेराबंदी कर महंगई निवासी मसत राम (35 वर्ष), विफल (40 वर्ष) , ग्राम नवापारा खुर्द निवासी देवकुमार (30 वर्ष), ग्राम भदवाही निवासी बसंत यादव (30 वर्ष), घुचापुर निवासी लालसाय (23 वर्ष), ग्राम करौली निवासी रामप्रसाद (28 वर्ष) व कामेश्वर (30 वर्ष) को कोयला लोड बाइक सहित पकड़ा। पुलिस ने बाइक सवार से कोयला संबंधी दस्तावेज की मांग की तो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। जिस पर पुलिस ने कोयला चोरी के होने की अंदेशा पर धारा 41(1-4) 379 के तहत अपराध दर्ज कर 21 बोरी कोयला सहित 7 बाइक को जब्त कर लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, माधव सिंह, क्षेत्रपाल, प्रधान आरक्षक सुशील तिवारी, आरक्षक अमलेश्वर कुमार, विकास सिंह व दीपक यादव सक्रिय रहे।



### 12वीं के अंग्रेजी परीक्षा में अनुपस्थित रहे 159 विद्यार्थी

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सत्र 2023-24 में आयोजित कक्षा 12वीं के विषय अंग्रेजी की परीक्षा जिले के निर्धारित 74 परीक्षा केन्द्रों में सफलता पूर्वक संचालित किया गया। जिसमें कुल दर्ज 8402 परीक्षार्थियों में से 159 अनुपस्थित रहें। डीईओ राम ललित पटेल ने शा. बालक उमावि सूरजपुर के परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। जिसमें परीक्षा सुचारू रूप से संचालित होना पाया गया।

# कलयुगी पुत्र ने मां की हत्या कर शव को टंकी में डाला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नागपुर

एमसीबी जिले अंतर्गत नागपुर के ग्राम सरोला देवारीपारा निवासी कलयुगी पुत्र ने अपने 56 वर्षीय मां सोनमती कुर्रे की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

घटना 1 मार्च की है, आरोपी कलयुगी पुत्र ने अपने घर में निर्ममता पूर्वक हत्या करके शव को घर के ही एक कमरे में रखे खाली पानी टंकी में डालकर ऊपर से ढक्कन बंद करके उसी कमरे में दो रात्रि सोता भी रहा तथा घटना दिवस मनेन्द्रगढ़ से शाम को लौटे पिता भजनलाल कुर्रे के पूछने पर कलयुगी हत्यारा पुत्र अर्जेश कुर्रे ने बताया कि मां पता नहीं कहां चली गई है,4 मार्च की सुबह जब पिता भजन ने पुत्र अर्जेश का कमरा जबरन खुलवाकर ढूंढने पर सेंटेक्स से बदबू आने पर उसका ढक्कन खोलने पर अपने पत्नी की रक्त रंजित शव को पाकर हतप्रभ रह गया। नागपुर पुलिस सूचना पाकर सीएसपी के नेतृत्व में जांच कार्रवाई कर आरोपी कलयुगी पुत्र को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का जुर्म पंजीबद्ध कर नागपुर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।



जांच करती पुलिस टीम।

### लकड़ी चोर कहने पर दामाद ने कर दी ससुर की हत्या

**बैकुंठपुर।** लकड़ी चोर कहने पर नाराज एक दामाद ने ससुर की हत्या कर दी। पूरे मामले का खुलासा कोरिया पुलिस ने किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतलाल पिता स्व. मोहन जाति गोड़ उम्र 50 वर्ष निवासी टेंगनी थाना पटना की मृत्यु की सूचना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई किया गया तो हत्या की बात सामने आई। मामले में एसपी के निर्देशन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर के मार्गदर्शन में थाना पटना के अपराध क्रमांक 51/2024 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी की गई। प्रारंभ में धनमेत बाई द्वारा अपने दामाद को बचाने का काफी प्रयास किया गया, किंतु आरोपी पवन के साथी योगेश के द्वारा घटनाक्रम की जानकारी देने पर आरोपी पवन कुमार पिता स्व. राम सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम झंझरीपारा बड़सरा थाना भैयाथान जिला सूरजपुर के द्वारा बनाई गई झूठी कहानी में उलझ कर पुलिस द्वारा पूछे गए प्रश्नों से घटना की वास्तविकता बताने को विवश हो गया। घटना दिवस 1 मार्च की शाम 4-5 बजे के मध्य ग्राम टेंगनी जूनापारा निवासी धनमेत बाई पति संतलाल मृतक के घर उनका दामाद पवन कुमार अपनी बेटी के पसनी कार्यक्रम का न्यौता देने जूनापारा गया हुआ था। इसी दौरान संतलाल द्वारा पूर्व में अपने दामाद पवन को घर के कंडी लकड़ी को बिना बताए अपने घर चोरी कर ले जाने का आरोप लगाकर भगा दिया गया था।



# आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब व्यक्ति शासन की किसी भी योजना से न हो वंचित : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

खाद्य व जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल द्वारा आज जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी मंत्री के समक्ष उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा उनके विभाग से संबंधित योजनाओं की वस्तु स्थिति को रखा गया। जिनकी समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण और क्रियान्वित कार्यों के आंकड़ों और तथ्यों को पारदर्शिता पूर्ण रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारियों उनके दायित्वों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्ण करना है। शासन की हर योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंच सके। आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब व्यक्ति शासन की किसी भी योजना से वंचित न हो। खाद्यान्न विभाग द्वारा संचालित राशन दुकानों द्वारा सबको अन्न मिले, आमजन की मूलभूत आवश्यकताएं पानी, बिजली, शिक्षा व चिकित्सा की पूर्ति हो यह सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग और कार्य मे लापरवाही और गड़बड़ी की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत एवं विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, रीपा की वर्तमान वस्तु स्थिति, खाद्य विभाग अंतर्गत राशन कार्ड नवीनीकरण की वस्तु स्थिति, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत महतारी वंदन योजना की वस्तु स्थिति, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की वस्तु स्थिति व अन्य विभाग जिसमें कृषि, शिक्षा, मत्स्य, निर्माण विभाग, जल संसाधन इत्यादि विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही एकल शिक्षक वाले विद्यालय, जल जीवन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की वस्तु स्थिति और सड़कों की वस्तु स्थिति जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई जिसमें संबंधित अधिकारियों को कार्य में कसावट लाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

- खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। मणीपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर के ग्राम निम्हा निवासी अगस्त राम पैकरा के पास 2 जनवरी 2022 को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को बैंक अधिकारी बताया और क्रेडिट कार्ड बंद कराने का झांसा दिया। ठग ने ग्रामीण को क्रेडिट कार्ड बंद करने के लिए मोबाइल फोन पर ओटीपी भेजा और ओटीपी हासिल करने के बाद अलग अलग ट्रांजैक्शन में खाते से 91 हजार 170 रुपए की चोरी कर ली। इस घटना की शिकायत ग्रामीण द्वारा 25 जनवरी को पुलिस से की गई थी। मामले में पुलिस द्वारा धारा 420 व 66(डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान साइबर सेल की टीम द्वारा तकनीकी सहायता प्राप्त कर उत्तर प्रदेश के जौनपुर पुरानी बाजार केराकट निवासी 28 वर्षीय रोहित वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया व दिल्ली में बैठकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दो वर्ष पूर्व हुई घटना के मामले में आरोपी से ठगी की रकम 91 हजार 170 रुपए बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, सतीश सिंह, शत्रुधन सिंह, आरक्षक अशोक यादव, सुयश पैकरा शामिल रहे।

- यूपी से पकड़ा गया आरोपी, ठगी की रकम बरामद



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# बिना समय गंवाए अधिक से अधिक घरों तक पहुंचना है हमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सोमवार को एमजी रोड स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में कलस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं सह प्रभारी श्रीमती चंपा देवी पावले, जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह बलरामपुर जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, कमलभान सिंह, अखिलेश सोनी, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, अनिल सिंह मेजर, विधायक प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, शकुंतला पोर्ते तथा भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति एवं चुनाव कमेटी की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कलस्टर प्रभारी श्री अग्रवाल ने विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा की तथा पदाधिकारियों को शक्ति केंद्रों में बैठक लेकर 25 बिंदुओं पर तत्काल काम शुरू करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के पूर्व प्रत्याशी की घोषणा कर संगठन ने हमें जनता के बीच जाने के लिए पर्याप्त समय दिया है। हमें बिना समय गंवाए अधिक से अधिक घरों तक पहुंचना है। भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने कहा कि चुनाव में प्रत्याशी नहीं बल्कि कार्यकर्ता और संगठन चुनाव लड़ता है। आप सबके परिश्रम से भाजपा भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। बैठक का संचालन अखिलेश सोनी तथा आभार प्रदर्शन देवनाथ पैकरा ने किया। इस दौरान भारत सिंह सिसोदिया, शिवनाथ यादव, अनूप सिन्हा, अभिमन्यु गुप्ता, रामकृपाल साहू, अंबिकेश केशरी, विनोद हर्ष, फुलेश्वरी सिंह, मंजूषा भगत, करताराम गुप्ता, विकास पाण्डेय, संतोष दास, रूपेश दुबे, आलोक दुबे, कैलाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



बैठक को संबोधित करते अमर अग्रवाल।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 22 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 28 मई से 10 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. पूजा प्रजापति — स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. संदीप जायसवाल — MBBS, MS जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ए. के. श्रीवास्तव — जनरल फिजीशियन
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध